<u>निम्नलिखित पदों पर भर्ती के लिए कंप्यूटर आधारित संयुक्त भर्ती परीक्षण हेतु ई-प्रवेश पत्र</u>

(i) रक्षा मंत्रालय, रक्षा उत्पादन विभाग के अंतर्गत आयुध निर्माणी बोर्ड में कनिष्ठ कार्य प्रबंधक (विद्युत) के 05 पद [विज्ञापन सं. 12/2016, प्रकाशन की तारीख 09.07.2016, रिक्ति सं. 16071206609, मद सं. 06, जिसके अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 28.07.2016 तक 23.59 बजे तक थी] तथा

(ii) रक्षा मंत्रालय, रक्षा उत्पादन विभाग, वैमानिक गुणवत्ता आश्वासन महानिदेशालय में वरिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (विद्युत) के 10 पद [विज्ञापन सं. 12/2016, प्रकाशन की तारीख 09.07.2016, रिक्ति सं. 16071214609, मद सं. 14, जिसके अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 28.07.2016 तक 23.59 बजे तक थी]।

<u>नोटिस</u>

संघ लोक सेवा आयोग उपर्युक्त पदों हेतु **<u>दिनांक 21.01.2017 (शनिवार) को अपराह्न सत्र में अपराह्न 02.00 बजे से अपराह्न 04.00 बजे तक</u> देशभर में नौ केन्द्रों पर** भर्ती के लिए कंप्यूटर आधारित संयुक्त भर्ती परीक्षण का आयोजन करेगा। **उम्मीदवारों द्वारा परीक्षण केन्द्र पर रिपोर्ट करने का समय दोपहर 12.30 बजे है।** आयोग ने प्रवेश दिए गए उम्मीदवारों की सुविधा के लिए कंप्यूटर आधारित संयुक्त भर्ती परीक्षण हेतु ई-प्रवेश पत्र (अथवा अस्वीकृत किए गए आवेदन पत्रों के संबंध में आवेदन पत्र को अस्वीकृत किए जाने के कारण/आधार) अपनी वेबसाइट (http://www.upsc.gov.in) तथा (http://www.upsconline.nic.in) पर अपलोड किया है। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपना ई-प्रवेश पत्र डाउनलोड कर लें और उसका प्रिंटआउट निकाल लें। प्रवेश दिए गए उम्मीदवारों को उन्हें आबंटित परीक्षण-स्थल पर भर्ती परीक्षण में प्रवेश लेने के लिए ई-प्रवेश पत्र के प्रिंट आउट को प्रस्तुत करना होगा। जिन उम्मीदवारों की फोटो ई-प्रवेश पत्र पर स्पष्ट रूप से मुद्रित नहीं है, वे भर्ती परीक्षण में प्रवेश के लिए अपनी फोटो पहचान का कोई मूल प्रमाण, जैसे आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र एवं परिवचन सहित अपने साथ पासपोर्ट आकार के दो फोटोग्राफ लाएं। **इस भर्ती परीक्षण के लिए आयोग द्वारा कोई कागजी प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जाएगा।**

उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपने ई-प्रवेश पत्र का प्रिंटआउट निकाल लें। किसी प्रकार की विसंगति के मामले में तत्काल आयोग को सूचित किया जाए, जिससे आयोग इस मामले में निर्णय ले सके । किसी प्रकार की कठिनाई आने पर उम्मीदवार संघ लोक सेवा आयोग के सुविधा केन्द्र की दूरभाष संख्या 011-23381125, 23385271 तथा 23098543 पर प्रात: 10.00 बजे से सायं 5.00 बजे के बीच सभी कार्य दिवसों के दौरान संपर्क कर सकते हैं ।